# साइबर अपराध पर शिकंजा कसने के लिए हरियाणा में पुलिस का कड़ा रुख

## हरियाणा पुलिस ने आमजन को सभी प्रकार की सुरक्षा देने के लिए लॉन्च किया ' हरियाणा एक आपातकालीन नम्बर एक '

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी दैनिक समाज जागरण,**
**पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, नवम्बर : हरियाणा के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ए के चावला ने कहा कि प्रदेश के लोगों को अब ह्यहरियाणा एक, आपातकालीन नम्बर एकह्य पर सभी प्रकार की सहायता प्राप्त होगी।

इसके लिए हरियाणा पुलिस ने एक दर्जन से अधिक सुविधाओं को एक ही डायल 112 पर संकलित किया है। इससे राज्य का कोई भी व्यक्ति इन सेवाओं का लाभ एकमात्र 112 पर डायल करके प्राप्त कर सकता है।

श्री चावला ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल और गृहमंत्री श्री अनिल विज के निर्देश और पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर के मार्गदर्शन में हरियाणा पुलिस ने यह अभूतपूर्व कार्य किया है। इसके तहत सभी प्रकार की हेल्पलाइन को 112 से जोड दिया गया है ताकि किसी भी व्यक्ति को भिन्न-भिन्न शिकायतों के लिए अलग-अलग नम्बरों पर शिकायत न करना पडे।

इसके साथ ही डायल 112 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों से मात्र 8 मिनट 8 सेकंड में ही शिकायतकर्ता को सहायता पहुंचाने का कीर्तिमान स्थापित किया है। इसमें डायल 112 गाडियां की 628 गाड़ियां तथा 33 महिला पुलिस के वाहनों को शामिल किया गया है।

### डायल 112 से जोडी गई सेवाएं

श्री चावला ने बताया कि इन सेवाओं में पुलिस सहायता नम्बर 112 व 100, महिला सुरक्षा के लिए प्रयोग किया जाने वाला नम्बर 1091, यातायात की 1073, मूक व बधिर की हेल्पलाइन, साइबर अपराध का 1930, दुर्गा शक्ति ऐप, डी एस आर ए एफ एवं थानों से संबंधित सीसीटीएनएस के नम्बर, फायर ब्रिगेड का 101, एनएचएआई का 1033, आपदा संबंधित 1070 एवं 1077, उपचार हेतू एम्बुलेंस तथा महिला एवं बाल सुरक्षा के लिए प्रयोग किए जाने वाली हेल्पलाइन 181 और 1098 को अब डायल 112 से जोड दिया गया है। राज्य का कोई भी व्यक्ति अब 112 पर डायल कर उक्त सभी प्रकार की सहायता प्राप्त कर सकता है।

### महिलाओं के लिए सुरक्षित यात्रा

श्री चावला ने बताया कि हरियाणा पुलिस दिवाली के अवसर पर 12 नवम्बर से ह्लसुरक्षित महिला यात्राह्व को राज्यभर में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू कर रही है। इसकी सफलता के पश्चात इसे एक दिसम्बर से नियमित तौर पर प्रदेशभर में आरम्भ कर दिया जाएगा। इसके तहत यदि कोई भी महिला दिन या रात्रि में अपनी यात्रा के दौरान पुलिस सुरक्षा चाहती है तो उन्हें 112 पर स्वयं को पंजीकृत करवाकर औपचारिकता पूरी करनी होगी।

इसके पश्चात पुलिस उसके गन्तव्य पर पहुंचने तक प्रत्येक 15 मिनट से 30 मिनट की अवधि में लडकी की कुशलता का पता लगाएगी। इस अवधि में पुलिस द्वारा महिला को किसी भी प्रकार की आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। अभी यह सुविधा हरियाणा, दिल्ली तथा चंडीगढ़ के लिए आरम्भ की जाएगी।

### महिलाओं की सुरक्षा के लिए व्हाट्सएप नम्बर जारी

स्थानीय स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए हरियाणा पुलिस ने दो व्हाट्सएप नम्बर जारी किए हैं। यदि महिला को किसी मार्केट, बस अड्डा, भीड वाले क्षेत्रों, चौराहों, स्कूल, कॉलेजों सहित किसी भी स्थान पर चलते हुए असुरक्षित समझती तो वह उस स्थान की फोटो और वीडियो बनाकर 7988901091 तथा 8264591192 पर लोड कर सकती है। इससे पुलिस नियंत्रण कक्ष सक्रिय हो जाएगा और बदमाशों की लोकेशन पर निगरानी आरम्भ कर देगी। इन नम्बरों पर महिला अपना कोई मैसेज भी भेजकर स्थिति से अवगत करवा सकेगी।

### साइबर अपराधियों पर पुलिस की कडी नजर

एसपी अमित दहिया ने बताया कि उनके पास डायल 112 पर लगभग एक हजार साइबर अपराध से संबधित शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी 2023 से अक्तूबर तक पुलिस ने विभिन्न बैंकों की सहायता से 30.84 करोड़ रूपए की राशि की सुरक्षा की है। इसके लिए अभी तक 3.35 लाख शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी लोगों के मोबाइल पर स्कैच कार्ड, विदेश यात्रा करने वालों या कस्टमर केयर के नाम पर ठगी करते हैं। इसके लिए पीड़ित व्यक्ति 112 पर डायल कर तुरन्त सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में साइबर अपराध पर देश के अधिकतर बैंकों के साथ शीघ्र ही एक सेमिनार का आयोजन भी किया जाएगा।

### फायर सुरक्षा एवं एम्बुलेंस की सुविधाएं

फायर की सुविधा के लिए 333 गाड़ियों तथा एम्बुलेंस की 139 गाड़ियों को जोडा गया है। इन गाड़ियों को सड़कों पर चलने वालों की सहायता के लिए खड़ा किया जाएगा। इसके साथ ही दिवाली के त्यौहार की सुरक्षा के लिए प्रदेशभर में संदिग्ध स्थानों पर 200 फायर गाड़ियों को लगाया जाएगा ताकि किसी स्थिति में आग पर तुरन्त काबू पाया जा सके।

एसपी राजेश कालिया ने बताया कि इसके लिए हॉट स्पॉट एरिया चिह्नित किए हैं। दिवाली के दौरान मेला, अधिक आवागमन तथा पटाखों वाले स्थानों पर सायं 4 बजे से 9 बजे तक इन गाड़ियों को खड़ा रखा जाएगा।

# जिला झज्जर , जींद और भिवानी में भी स्कूली बच्चों को घर बैठे ऑनलाइन काम करने की मिली छूट

**पवन कुमार संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

जींद, 7 नवम्बर : राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के फरीदाबाद और गुरुग्राम में नर्सरी कक्षाओं से पांचवीं कक्षा स्तर पर शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को जिला आपदा प्रबंधकों द्वारा दी गई छूट का अनुकरण जिला झज्जर, जींद और भिवानी के उपायुक्तों ने भी किया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में झज्जर के उपायुक्त ने शिक्षा निदेशक की सलाह पर यह छूट प्रदान की है। जींद और भिवानी जिलों में किसानों द्वारा रात्रि पहर में पराली जलाने से फैल रहे प्रदूषण से छोटे स्कूलों के बच्चों को निजात दिलाने के लिए ही छुट्टियों का फैसला लिया गया बताया जाता है।

जानकारी मिली है कि हरियाणा के विभिन्न जिलों के गाँवों में किसान बिना किसी की परवाह के बड़े पैमाने पर पराली जलाकर वातावरण में जहर घोल रहे हैं। पराली जलाने के इस प्रतिबंधित की परवाह गाँव के सरपंच भी नहीं कर रहे। उनके द्वारा उठाए गए कदमों पर ही किसानों ने बेझिझक प्रदूषण बढाने के इस काम की ओर हाथ बढ़ाया है। हरियाणा के लगभग हर तहसील, कस्बे और गांव के दायरे से कोसों दूर तक पराली जलाने की इन घटनाओं के कारण लोगों का जीना दुश्वार हो चला है। पता चला है कि क्षेत्र में लगातार पराली जलाई जाती है। प्रशासन के अफसर जानते और समझते हुए राजनीतिक दखल से बचने के लिए चुप्पी साधे हुए हैं। रेवाड़ी और नूंह में भी प्रदूषण ने अपना जलवा कायम कर दिया है। जिसका असर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक पड़ने से आसमान दुषित हो रहा है। इसी स्थिति के कारण जिला रेवाड़ी, नूंह के उपायुक्तों की ओर से भी इस दिशा में जल्दी कदम उठाए जाने की चर्चा है। इन जिलों के उपायुक्तों ने ऐसे कदम उठाने के लिए मुख्यालय से सलाह मांगी है। सलाह मिलते ही वो भी जल्द स्कूली विद्यार्थियों की छुट्टी का फैसला लेने की तैयारी में बताए गए हैं।

ज्ञातव्य है कि गुरुग्राम और फरीदाबाद के उपायुक्तों ने विभिन्न कैटेगरी के स्कूली बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा देने के आदेश जारी किये हैं। इसी प्रकार की छुट्टियों के क्रम में आज भिवानी जिले में भी आगामी 8 से 11 नवंबर तक प्राइमरी स्कूल बंद रखने का फैसला लिए जाने का समाचार मिला है।इसी बीच ज़िला जीन्द के डीसी ने बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते दीपावली तक नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के प्राइमरी स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया ।

सूत्रों अनुसार जिला रेवाड़ी , नूहं में भी उपायुक्त जल्द स्कूल बंद करने का फैसला लिये जाने पर विचार किया जा रहा है ।

बताया गया है कि प्रदेश सरकार की ओर से ही प्रदूषणकारी प्रभावों के कारण संबंधित उपायुक्तों को स्कूलों की छुट्टियों का फैसला लेने का अधिकार दे दिया है , जिसके तहत अन्य जिलों के उपायुक्त भी परिस्थितियों अनुसार फैसले ले सकते हैं ।

# समालखा में चुलकाना गांववासी जगमाल पंडित ने 3 किलो 800 ग्राम देसी घी पीकर कायम किया देश में नया रिकॉर्ड

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण**
**हरियाणा, पंजाब व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, नवम्बर : हरियाणा के समालखा के एक शख्स ने नया ही रिकॉर्ड बनाने का दावा किया है। चुलकाना गांव के निवासी जगमाल पंडित ने समालखा के पूर्व विधायक भरत सिंह छौक्कर व ग्रामीणों की मौजूदगी में एक बार में ही 3 किलो 800 ग्राम घी पिया लिया।

दावा किया जा रहा है कि यह पूरे देश मे सबसे अधिक घी पीने का रिकार्ड स्थापित किया गया है। इस दौरान जगमाल ने साथ में 300 ग्राम मावा बर्फी भी खाई। घी पीते हुए वीडियो रिकॉर्डिंग की गई है। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इससे पहले हरियाणा के करनाल जिले के एक व्यक्ति के नाम 3 किलो 600 ग्राम घी पीने का रिकार्ड दर्ज है।




खेती करने वाले जगमाल ने बताया कि उन्हें बचपन से दूध-घी का शौक है। पिछले दिनों उन्होंने सुना था कि करनाल में एक व्यक्ति ने 3.600 किलोग्राम घी पीकर रिकॉर्ड का दावा किया है. इसके बाद उसे पीछे छोड़ने की ठानी जगमाल ने चार बार में यह घी पीया और कुछ मिनट का ही अंतर रखा। बीच-बीच में बर्फी खाते रहे। इस काम को लेकर पूर्व विधायक भरत सिंह छौक्कर ने घी पीने वाले जगमाल को 11 हजार रुपए देकर सम्मानित किया । इसी तरह ग्रामीण पपल छोक्कर ने भी गांव की तरफ से 11000 रुपए दिए और ऐलान किया गया कि भविष्य मे कोई भी व्यक्ति पंडित जगमाल के साथ बैठकर उससे अधिक देशी घी पिएगा तो गांव की तरफ से 51हजार रुपये का ईनाम दिया जाएगा।

चश्मदीद लोगों ने उनका हौसला बढ़ाया। मौका पर चुलकाना धाम के जयकारे लगाए गए। यह करने के बाद 6 फीट लंबे और 92 किलो वजनी जगमाल डकार मारकर मुस्कुराते हुए घर चले गए।

# सीटीयू की बसों में पंजाब व हरियाणा के मान्यता प्राप्त पत्रकारों को मुफ़्त लोकल बस यात्रा की छूट पर प्रतिबंध अनैतिक

## प्रशासक के सलाहकार की ओर विचारार्थ लाए जाने की जरूरत

**शिव वर्मा संवाददाता/दैनिक समाज जागरण,**

जिरकपुर, नवम्बर : चण्डीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग की लोकल बसों में पंजाब और हरियाणा के मान्यता प्राप्त पत्रकारों के साथ प्रशासन सौतेला व्यवहार कर रहा है। इस सौतेले व्यवहार की झलक ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग के ट्रैफिक मैनेजर द्वारा जारी आदेशों में साफ झलकती है। ट्रैफिक मैनेजर की ओर से सीटीयू की बसों के परिचालकों को हिदायत दी गई है कि सीटीयू की बसों में ऐसे पत्रकारों को ही मुफ़्त में यात्रा करने की छूट है जिनके पास चण्डीगढ़ प्रशासन के लोक सम्पर्क विभाग की ओर से जारी किया गया पहचान पत्र है।

चण्डीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग के ट्रैफिक मैनेजर को ज्ञात है कि केंद्रीय सरकार की ओर से चण्डीगढ़ को पंजाब और हरियाणा का राजधानी क्षेत्र होने के नाते ही यू. टी. का दर्जा प्राप्त हुआ था। परिचालकों ने इस संबंध में ट्रैफिक मैनेजर द्वारा उन्हें जारी आदेश की प्रति का आवलोकन भी कराया।

चण्डीगढ़ में राष्ट्रीय स्तर के अनेकों समाचारपत्रों का प्रकाशन होता है। जिनके मुख्यालय,राज्य स्तरीय ब्यूरो कार्यालयों में वरिष्ठ पत्रकार, संवाददाता,कार्यालय संवाददाता, सहायक न्यूज एडिटर, उप सम्पादक,फीचर राईटर ही नहीं बल्कि प्रूफ रीडर भी शामिल हैं।पंजाब और हरियाणा की सरकारों ने वर्षों से सरकारी कवरेज करने वाले इन पत्रकारों को मान्यता प्रदान की हुई है।

इतना अवश्य है कि सरकारों के गलत कारनामे उजागर करने वाले समाचार ग्रुप के मालिकों,वरिष्ठ अधिकारियों पर दबाव डालकर सत्तासीन राजनीतिक दलों ने समय- समय पर ऐसे पत्रकारों के विरुद्ध अपने हितों की खातिर उन्हें उस राज्य की न्यूज कवरेज की बजाय दूसरे राज्यों में स्थानांतरित करवा कर अपना मतलब साधा।



गौर करने वाली बात यह भी है कि विभिन्न समाचारपत्रों के वरिष्ठ पत्रकार चण्डीगढ़ या प्रशासन की छुटपुट खबरों से परहेज कर उन्हें आवंटित राज्यों के निदेशालयों, मुख्यालयों की ही नहीं बल्कि सचिवालय स्तर पर भी कवरेज करते हैं।ऐसे वरिष्ठ पत्रकारों को चण्डीगढ़ प्रशासन ने संबंध राज्य के संवाददाता कोटे के मकान और फ्लैट भी अलॉट किए हुए हैं।

देश के अन्य क्षेत्रों में छपने वाले इन समाचारपत्र समूहों के जो पत्रकार पंजाब/ हरियाणा में से किसी एक संबंधित सरकार से मान्यता प्राप्त हैं तो उन्हें चण्डीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग की बसों में भी मुफ़्त यात्रा सुविधा देने की जरूरत है। वर्ष में यदाकदा कवरेज के लिए चण्डीगढ़ को छोड़कर कवरेज के लिए राज्य के संबंधित जिलों में इन्हें यात्रा करनी होती है। मान्यता कार्ड के साथ सरकारों ने इन्हें अपने प्रदेश के जिलों पासबुक दिखाकर यात्रा की छूट है। उसी पासबुक दिखाने पर चण्डीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग की ओर से ऐसे वरिष्ठ पत्रकारों के मामले पर विचार करके उन्हें अपनी बसों में लोकल बसों में यात्रा की छूट देना नैतिक जिम्मेदारी है।

इधर, विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के समाचारपत्र, जिनके कार्यालय और संवाददाता दैनिक रूप से दोनों ही सरकारों को क्वर करते हैं। इन वरिष्ठ पत्रकारों को कभी- कभार बस में यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। सरकार की ओर से रोडवेज बस में मुफ़्त यात्रा सुविधा के बावजूद परिचालक पासबुक दिखाने और एंट्री करने के लिए कहने पर भी मुफ़्त यात्रा के लिए मना कर रहे हैं। किसी रूट पर संबंधित सरकार की बस उपलब्ध नहीं होने की सूरत में ऐसे मान्यता प्राप्त पत्रकार दूसरे राज्य की बस में यात्रा करने के इच्छुक रहते हैं परंतु दूसरा राज्य ऐसे वरिष्ठ पत्रकारों को मुफ़्त यात्रा सुविधा से वंचित करता है। जिससे वरिष्ठ पत्रकारों की कभी-कभार मानहानि भी होती देखी गई है। दूसरे राज्य के पत्रकार को मुफ़्त यात्रा सुविधा नहीं मिलने के कारण ऐसे पत्रकार समय ऐसे एक्सक्लूसिव समाचार छापने से वंचित किये जा रहे हैं।

पंजाब और हरियाणा दोनों राज्यों की एक ही राजधानी में ऐसे पत्रकारों को चण्डीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग की बसों में मुफ़्त यात्रा की सुविधा देना चण्डीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग का दायित्व है और इस उद्देश्य की पूर्ति ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग के ट्रैफिक मैनेजर द्वारा प्रदान करना जरूरी है। ट्रैफिक मैनेजर को चाहिए कि इन दोनों में से किसी एक सरकार से मान्यता कार्ड पर यात्रा करने के इच्छुक पत्रकार को कार्ड/ पासबुक दिखाने पर मुफ़्त यात्रा सुविधा प्रदान करने के अविलंब आदेश जारी करे। संबंधित सरकारों के मान्यता प्राप्त पत्रकारों को यू. टी. बसों में मुफ़्त यात्रा सुविधा का लाभ कभी कभी ही लेना पड़ता है, क्योंकि ज्यादातर मान्यता प्राप्त पत्रकारों के पास निजी वाहन उपलब्ध हैं।

# हरियाणा के गुरुग्राम और फरीदाबाद में वायु गुणवत्ता धारण कर चुकी है बेहद खराब और गंभीर श्रेणी

**एस. के. शर्मा संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

फरीदाबाद/ गुरुग्रामः राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर गुरुग्राम जिला प्रशासन ने स्कूलों के बच्चों को प्रदूषण से निजात दिलाने के लिए नर्सरी कक्षाओं से पांचवीं कक्षा एक की कक्षाओं को फिलहाल बंद रखने के आदेश जारी किये हैं। यह जानकारी देते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि ऐसे बच्चों की पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जा रही है, हमने क्योंकि स्कूलों के बच्चों की पढ़ाई ऑनलाइन पढ़ाई के भरपूर इंतजाम कर दिये हैं। यह आदेश आज से ही जिले के सरकारी और गैरसरकारी शिक्षण संस्थानों के लिए जारी किये जा चुके हैं। प्रदूषण से मुक्ति मिलने पर प्रशासन ऐसे सभी शिक्षण संस्थानों को आदेश जारी करके स्कूलों में कक्षाओं को शुरू करने के आदेश जारी करेगा।

जिला आपदा प्रबंधन के अध्यक्ष ने कहा कि गुणवत्ता सूचकांक में लगातार बढौतरी हो रही है। इस कारण क्षेत्र में स्थिति क्रमिक प्रतिक्रिया कार्य योजना के चौथे चरण तक पहुँच चुकी है।

हरियाणा सरकार ने इससे पूर्व हरियाणा के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पड़ने वाले जिलों के उपायुक्तों को अपने- अपने जिले की प्रदूषण स्थिति के अनुसार आंकलन करके स्कूलों को बंद करने के आदेश जारी किये थे। पिछले कुछ दिनों से गुरुग्राम ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के साथ जुड़े हरियाणा के कुछ जिलों में वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर रूप धारण कर चुका है। दिल्ली के साथ साथ गुरुग्राम में सुबह प्रदूषण का स्तर सरकार की ओर से निर्धारित सुरक्षित सीमा से लगभग 7 से 8 गुणा अधिक दर्ज किया गया।

क्षेत्र के ऊपर जहरीली धुंध लगातार बढ़ रही है। दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अब भी प्रदूषण का स्तर 7 से 8 गुणा ज्यादा ही बताया गया है। आकाश की स्थिति देखें तो प्रदूषण के कारण उस पर गहनता से कालिमा के साथ जहरीली धुंध साफ साफ दिखाई दे रही है।

निः संदेह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिवाली के के दो दिन पहले से ही प्रदूषण की स्थिति और अधिक बिगड़ जाएगी। दिल्ली सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद भी जिसका किसी भी सूरत में 5 - 6 दिन तक कम होने की उम्मीद नहीं है। दिल्ली में सोमवार से मंगलवार को 48 घंटे का औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक ( एक्यूआई ) सवा 4 सौ से साढ़े चार सौ दर्ज किया गया था। हरियाणा के एन सी आर के दायरे के क्षेत्रों के अलावा राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों में भी वायु गुणवत्ता बेहद खराब अथवा गम्भीर क्षेणी में दर्ज की गई। गाजियाबाद में एक्यूआई 391, गुरुग्राम में 373, नोएडा में 384, ग्रेटर नोएडा में 420 और फरीदाबाद में यह सवा 400 मापी गई है। श्र्वसन प्रणाली में गहरे तक जाने में सक्षम और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को पैदा करने वाले अत्यंत सूक्ष्म कण पीएम 2.5 की सांद्रता पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कई स्थानों पर सरकार की ओर से निर्धारित 60 माईक्रोग्राम प्रति घन मीटर की निर्धारित सीमा से 7 से 8 गुणा अधिक बतायी गयी है। इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन ( डबल्यू एच ओ) की ओर से निर्धारित 15 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की सीमा से 30 से 40 गुणा अधिक माना जा रहा है।

# हरियाणा सरकार ने 14 जिलों में बढ़ते वायु प्रदूषण के दृष्टिगत स्कूल बंद रखने के जारी किये निर्देश

**अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, नवम्बर : हरियाणा के 14 जिलों में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए सरकारी और प्राइवेट स्कूल बंद करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने के आदेश जारी किये गए हैं । विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सभी उपायुक्तों को पत्र जारी कर दिए हैं। इन पत्रों में हिदायत दी गई है कि डीसी अपने जिले में वायु गुणवत्ता सूचकांक को ध्यान में रखते हुए स्कूल खोलने या बंद करने का निर्णय लें। इससे पहले दिल्ली में प्रदूषण के चलते स्कूल बंद किए जा चुके हैं।

जिसके बाद एनसीआर के डिप्टी कमिश्नरों ने अपने यहां प्राइवेट और सरकारी स्कूल बंद करने को लेकर मंथन करते हुए आदेशों को लागू कर दिया है।

बताया गया है कि एनसीआर में इस वक्त गुरुग्राम और फरीदाबाद में ज्यादा स्थिति खराब है। दोनों जगह प्रदूषण खतरनाक स्थिति में पहुँच गया है। थर्ड स्टेज नियंत्रण लागू करने की जरूरत है। वहीं गुरुग्राम में कूड़ा जलाने से रोकने पर धारा 144 भी लग चुकी है।

### शिक्षा निदेशालय की तरफ से जारी निर्देश

हरियाणा स्कूल शिक्षा निदेशालय ने इन जिलों के स्कूलों पर होगा फैसला दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हरियाणा के शामिल 14 जिलों के उपायुक्तों को समुचित कदम उठाने के आदेश जारी किये हैं। जो - जो जिले शामिल हैं उनमें करनाल, जींद, पानीपत, सोनीपत, रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी, झज्जर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, नूहं और पलवल हैं। सरकार ने इन सभी जिलों के उपायुक्तों को स्कूलों के बारे में फैसला लेने की छूट दी है।

कहा गया है कि ग्रामीण और शहरी स्कूलों के लिए भी अलग फैसला संभव है। जारी आदेश में कहा गया है कि अगर डीसी स्कूल बंद करने का फैसला लेते हैं तो उन्हें यह भी तय करना होगा कि किस एरिया के स्कूल बंद रहेंगे।

इस बारे में ग्रामीण और शहरी इलाके में स्कूल बंद करने पर अलग-अलग फैसला हो सकता है। शहरी इलाकों में प्रदूषण ज्यादा है। इस वजह से वहां के स्कूलों को लेकर जल्दी फैसला आ सकता है। अगर स्कूल बंद किए जाते हैं तो स्टूडेंट्स की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। उनकी पढ़ाई को ऑनलाइन तरीके से जारी रखा जाएगा।

### एनसीआर के जिलों की वायु गुणवत्ता

जिला करनाल में 254 , जींद में 189, पानीपत में 237 , सोनीपत -- 341, रोहतक में 397,भिवानी -- 445 , चरखी दादरी में 189, झज्जर में 194, गुरुग्राम -- 269, फरीदाबाद में 348, रेवाड़ी में 190, महेंद्रगढ़ -- 183 , नूंह में 191 और पलवल में वर्तमान में वायु गुणवत्ता 190 आंकी गयी है।

# पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों का रहेगा अवकाश -उपायुक्त अजय कुमार

**कैलाश वर्मा संवाददाता**

दैनिक समाज जागरण रोहतक, नवंबर । उपायुक्त अजय कुमार ने एनसीआर क्षेत्र में वायु गुणवत्ता में गिरावट के मद्देनजर जिला के सभी प्री स्कूल, प्री प्राइमरी और प्राइमरी कक्षाएं (यानी नर्सरी से कक्षा पांच तक) 8 नवंबर से आगामी आदेशों तक बंद करने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश निजी और सरकारी दोनों स्कूलों पर लागू होंगे, जिसमें जिला रोहतक के आंगनवाड़ी केंद्रों के साथ-साथ किड्स प्ले स्कूल भी शामिल हैं। उपायुक्त अजय कुमार द्वारा जारी किए गए आदेशों में कहा गया है कि पांचवी कक्षा तक के छात्रों के लिए ऑनलाइन मोड में पढ़ाई करवाई जाएगी। स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और कर्मचारियों को ऑनलाइन शिक्षा की निर्बाध डिलीवरी के लिए आवश्यक व्यवस्था करने को कहा गया है ।



इसके अलावा स्कूलों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है कि छात्रों के पास आवश्यक ऑनलाइन शिक्षण संसाधनों तक पहुंच हो और माता-पिता और अभिभावकों को शिक्षा के तरीके के बारे में सूचित किया जाए। ऑफलाइन कक्षाओं का निलंबन अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा।

# राज्य सरकार ने गरीब व जरूरत मंद लोगों के कल्याण के लिए चलाई हैं अनेक कल्याण योजनाएँ- मनोहर लाल खट्टर

## ऑनलाइन सिस्टम लागू करना

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चंडीगढ़, 6 नवंबर : हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार गरीब व जरूरतमंदों कल्याणार्थ योजनाएं क्रियान्वित कर रही है।

हमने पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ देने की शुरूआत की है, ताकि वे मुख्यधारा में आकर समाज का हिस्सा बन सकें।

हरियाणा सरकार ने गरीब व जरूरतमंद लोगों को समय पर सहायता देकर उनके जीवन को सरलयापन किया है। अब वे गर्व से कह रहे हैं कि वे भी समाज के अभिन्न अंग हैं और उनके अधिकारों को कोई भी दबंग नहीं छीन सकता है।

मुख्यमंत्री आज यहाँ अपने निवास संत कबीर कुटीर पर हिसार, सिरसा और फतेहाबाद जिलों के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक कर रहे थे। मनोहर लाल ने कहा कि प्रबुद्ध नागरिकों का समाज में एक अहम स्थान होता है। वे सरकार और जनता के बीच एक सेतु की भांति होते हैं, इसलिए उन्हें जनता को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग इनका लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने शासन संभालते ही सबसे पहला काम राजकाज में ई-गवर्नेंस लाने का किया, जिससे हर प्रक्रिया को ऑनलाइन किया है। सबसे बड़ी बात यह है कि देश में हरियाणा को ही ऐसा प्रदेश बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऑनलाइन सिस्टम की प्रक्रिया शुरू हो जाने पर सभी के काम जल्दी - जल्दी होने लगे हैं और काम करने वालों में पारदर्शिता भी आई, जिससे जनता का जीवन सुखमय और सुगम बना है। युवाओं को रोजगार के अवसर तलाशने में आसानी हो रही है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों को छोटे-छोटे कामों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे और बिचौलियों का सहारा लेना पड़ता था। बिना रिश्वत दिये किसी का कोई काम ही नहीं होता था। कई - कई महीने टलने पर मजबूर होकर बिचौलियों के माध्यम से अफसरों तक रिश्वत पहुँचाई जाती थी। लेकिन हमारी सरकार ने इस सारी व्यवस्था में परिवर्तन लाते हुए ऑनलाइन सिस्टम लागू किया है। जिससे रिश्वतखोरी का झंझट ही खत्म हो गया है।

### हरियाणा के हैप्पीनेस इंडेक्स को बढ़ाना सरकार का लक्ष्य

श्री मनोहर लाल ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश को विकास की दृष्टि से आगे ले जाने का काम किया है। हमने हरियाणा एक- हरियाणवी एक के नारे पर चलते हुए हर विधानसभा क्षेत्र का एक समान विकास सुनिश्चित किया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया और प्रदेश में उद्योगों की गति को बढ़ाया है। जिलों में सड़कों का जाल बिछाने से आम नागरिक को आवागमन की बड़ी सुविधा मिली है।

मनोहर लाल ने कहा - अब राज्य सरकार की प्राथमिकता अपने नागरिकों के लिए एक उच्चतम ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स पर फोकस करना है, ताकि प्रदेश के लोगों का जीवन आर्थिक रूप से मजबूत होने के साथ-साथ सुखमय हो सके। इसके लिए समुचित व्यवस्था पर बल दिया जा रहा है।

# अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री राव ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार का किया उद्घाटन

कैलाश वर्मा संवाददाता
दैनिक समाज जागरण

रोहतक, नवम्बरः हरियाणा के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के.के. राव ने रोहतक में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार का उद्घाटन किया है।

इस सभागार में रेंज स्तरीय कल्याण बैठक भी आयोजित की गई है। इस अवसर पर एडीजी पी ने निर्देश जारी किया कि सभी पुलिस अधिकारी अपने- अपने कार्यालय, पुलिस लाईन,थाना, सीआईए स्टाफ परिसर को साफ-सुथरा रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने से परहेज न करें। के. के. राव ने कहा कि जवानों को थाना/चौकी/पुलिस लाईन में बेसिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाने की बहुत आवश्यकता है, इसके लिए संबंधित अधिकारी का फर्ज है कि वो सभी मूल आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में ध्यान दें । उन्होंने कहा कि उचित होगा कि प्रत्येक सोमवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा जवानों की शिकायतें सुनी जाए तथा हल किया जाए । जवानो के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य जांच शिविरों का समय-समय आयोजन करेंगे तो अवश्य ही सफलता मिलेगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रोहतक श्री हिमांशु गर्ग, पुलिस अधीक्षक दादरी श्रीमती निकिता गहलौत, पुलिस अधीक्षक झज्जर डॉ अर्पित जैन, पुलिस अधीक्षक भिवानी श्री वरूण सिंगला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मेधा भूषण, उप पुलिस अधीक्षक विवेक कुंडु व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# राज्य के 4 जिलों में जल आपूर्ति सुधार के लिए 113 करोड़ रुपये की मंजूरी

अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता
दैनिक समाज जागरण पंजाब
हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, 7 नवम्बर : हरियाणा राज्य में जल आपूर्ति में सुधार के प्रयासों के तहत, हरियाणा सरकार ने 4 जिलों कैथल, सिरसा, रोहतक और जींद में ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत 113 करोड़ रुपये से अधिक के 10 नए कार्यों को मंजूरी दी है। . मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस संबंध में प्रशासनिक मंजूरी दे दी है।

स्वीकृत कार्यों में 32 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से तीन गांवों (थोबरिया, मिर्जापुर और तलवाड़ा खुर्द) और चार ढाणियों (मोजू की ढाणी, टिब्बा की ढाणी, दया सिंह थेड़, बाजीगर ढाणी) और सिरसा के विभिन्न गांवों के लिए नहर आधारित जल आपूर्ति योजना शामिल है। करोड़, मोजू की ढाणी में जलकार्य का निर्माण करने के लिए व्यवस्था की गई है।

30 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से जिला सिरसा के गांव खारी सुरेरां में मौजूदा जल आपूर्ति योजना का विस्तार और 9 मौजूदा जल कार्यों (भुरटवाला, पोहरकां, मीठी सुरेरा, खारी सुरेरा, ढाणी लाख जी, किशनपुरा, मिठनपुरा) पर सामान्य पंपिंग स्टेशन का निर्माण , ढाणी शेरांवाली और करमसाना) में शेरांवाली डिस्ट्रीब्यूटरी से ताजा पानी उपलब्ध कराने का काम शामिल है।

इनके अलावा, 12 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत से जिला सिरसा के गांव संत नगर और दलीप नगर में नहर आधारित जल कार्य, 9 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से कैथल जिले के गांव ढांड ब्लॉक में जल आपूर्ति योजना का विस्तार और वितरण प्रणाली का उन्नयन। 3.17 करोड़ रुपये की लागत से गांव तिगरी, जिला सिरसा में नहर आधारित जल कार्य किया जाएगा । इसके अलावा 4 करोड़ 97 लाख रुपये की लागत से गांवों में सहरानीय कार्य करने की योजना है।

## हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से कांट्रेक्ट पर कर्मचारियों को भर्ती करने के लिए सरकार की मंजूरी की नहीं रही आवश्यकता

अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता
दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा

*चण्डीगढ़, नवम्बर :*हरियाणा के विभिन्न विभागों व बोर्ड-निगमों में हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड (एचकेआरएनएल) के जरिये कांट्रेक्ट पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। सरकार ने निगम वेतन दरों का वार्षिक रूप से संशोधन करने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव संजीव कौशल की ओर से इस संदर्भ में निर्देश जारी किए हैं।

एक और बड़ा निर्णय लेते हुए सरकार ने तय किया है कि निगम के माध्यम से कांट्रेक्ट पर मैनपावर के लिए उन बोर्ड-निगमों और सार्वजनिक उपक्रमों को सरकार से पूर्व में मंजूरी लेने के जरूरत नहीं है, जिन्हें सरकार की बजटीय सहायता नहीं मिलती है।

# राव ओयो होटल में सेक्स रैकेट का पदार्फाश

एस. के. शर्मा संवाददाता
दैनिक समाज जागरण

नारनौल 7नवम्बरः हरियाणा के महेंद्रगढ़ में नारनौल रोड पर पुलिस ने राव ओयो होटल पर छापेमारी कर सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने होटल से 5 युवतियों सहित 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



डीएसपी हेडक्वार्टर जितेंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें काफी दिनों से शिकायत मिल रही थी कि एक ओयो होटल में सेक्स रैकेट चल रहा है। पुलिस को आज गुप्त सूचना मिली थी कि राव ओयो होटल में दिल्ली, यूपी व अन्य स्थानों से लड़कियां बुलाकर देह व्यापार कराया जा रहा है। सूचना के आधार पर डीएसपी नारनौल जितेंद्र के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया।

जिसके बाद पुलिस ने होटल में रेड की। इस दौरान पुलिस ने मौके से रिसेप्शन पर बैठे एक युवक, होटल संचालक व 5 युवतियों को गिरफ्तार किया। जिसके बाद सभी को थान शहर महेंद्रगढ़ में लेकर आई। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी

## कहीं न कहीं आम हिन्दुजन सरकार से निराश हैः जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती

खुशविंदर धालीवाल (चण्डीगढ़)

चण्डीगढ़ : देश में हिन्दू गौरव के नाम पर सरकार तो चल रही है , परन्तु कहीं न कहीं आम हिन्दुजन सरकार से निराश है। ये कहना है ज्योतिर्मठ बद्रिकाश्रम के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती 1008 जी का, जो दो दिन के प्रवास पर चण्डीगढ़ पधारे हैं और आज भगवान परशुराम भवन, सेक्टर 37 में धर्मसभा को सम्बोधित करने से पूर्व प्रेस वार्ता में पत्रकारों से मुखातिब हुए। उनके मुताबिक भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करना, मंदिरों की आय पर मंदिर संचालकों का हक देना एवं गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने जैसे अनेक मुद्दे हैं, जिन्हें लेकर हिन्दू समाज बेहद उद्वेलित है।



शंकराचार्य जी अपने चण्डीगढ़ प्रवास के दौरान कल 8 नवम्बर को सेक्टर 27 स्थित श्री रामलीला मैदान में शिव डाक कांवड़ संघ, चण्डीगढ़ द्वारा आयोजित विशाल सनातन धर्म महोत्सव में सनातन धर्म की महानता एवं विशेषताओं के बारे में व्याख्यान देंगे। इससे पहले शंकराचार्य जी आज सेक्टर 37 स्थित भगवान परशुराम भवन में एक धर्म सभा को सम्बोधित करने पधारे जहां उनका स्वागत श्री देवालय परिषद के अध्यक्ष डॉ. पं. लाल बहादुर दुबे के साथ-साथ वरिष्ठ पदाधिकारीगण पं. उमाशंकर पांडे, पं. मोहनलाल शास्त्री, पं. ओम प्रकाश शास्त्री व पं. देवी प्रसाद पैन्यूली तथा श्री ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष यश तिवारी आदि ने किया।


## जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ औचक निरीक्षण कर लिए कई दुकानों में खाद्य पदार्थों के सैंपल

## नमूनों को जांच के लिए भेजा गया लैब

दैनिक समाज जागरण संवाददाता मैनपाल

पंचकूला, 7 नवंबर-आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग हरियाणा, पंचकूला द्वारा त्यौहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच करने के निदेर्शानुसार जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. गौरव शर्मा ने अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के साथ आज विभिन्न दूध की डेयरियों, ढाबे, किरयाणें की दुकानों व अन्य स्थानों जैसे कोल्ड स्टोर, खाद्य पदार्थ बनाने की फैक्ट्रियों आदि का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानों से खाद्य पदार्थों के सैंपल एकत्रित करते हुए उन्हें लैब में जांच के लिए भी भेजा।

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य पदार्थों के नमूने लेने के बाद उन्हें खाद्य प्रयोगशाला



करनाल में विश्लेषण हेतु भेजा जाता है। इसके उपरांत जो खाद्य पदार्थ खाने योग्य नहीं थे, उनको मौके पर नष्ट करवा दिया गया । जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी दुकानदारों को दूषित व बासी मिठाई न बेचने की चेतावनी दी गई है। उन्होने कहा कि यदि कोई भी दुकानदार दूषित व मिलावट खाद्य पदार्थ/मिठाई बेचता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि आज निरीक्षण के दौरान अनुपम इटिंग हाउस प्राईवेट लिमिटिड ओद्योगिक क्षेत्र फेज-1 से खोया व रसगुला, गोपाल स्वीटस सेक्टर-8 से बेसन के लड्डू, नंद स्वीटस सेक्टर-7 से खोया बर्फी, विशाल डेयरी ओद्योगिक क्षेत्र से खोया व हरियाणा एजेंसी ओद्योगिक क्षेत्र से मस्टर्ड ऑयल के सैंपल लेकर परिक्षण के लिए लैब में भेजा गया।

# सर्दी के मौसम, दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ट्रैफिक क्यूआरटी हाईव पर रहेंगी मौजूद

मैनपाल संवाददाता दैनिक समाज जागरण

पंचकूला , नवम्बरः पुलिस प्रवक्ता नें जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस उपायुक्त मुकेश कुमार मलहोत्रा के मार्गदर्शन में जिला में ट्रैफिक व्यवस्था को सूचारु रुप से चलानें व सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु क्यूआरटी हाईवे पर मौजूद होकर जाम खुलवानें के सहायक रहेंगी, क्योकि सडक पर सडक दुर्घटना, बीच रास्ते में खडा वाहन होनें के कारण हाईवे पर जाम की स्थिति बन जाती है जिसके लिए हाईवे पर ट्रैफिक क्यूआरटी मौजूद रहेंगी और हाईवे पर जाम सबंधी एलर्ट मिलते हुए तुरन्त मौका पर जाकर जाम खुलवायेंगी । इस सबंध में ट्रैफिक इन्सपेक्टर सतबीर सिंह नें सभी ट्रैफिक क्यूआरटी के साथ मीटिंग का आयोजन करके किसी प्रकार से एक्सन लेना है



क्या क्या कार्रवाई व सावधानिया बर्तनी इत्यादि बारे जागरुक किया । ताकि हाईवे पर किसी प्रकार की जाम की स्थिति ना बनें और चालक को किसी प्रकार की असुविधा ना हो ।

इसके साथ ही ट्रैफिक इन्सपेक्टर सतबीर सिहं नें बताया कि जैसे जैसे सर्दी का मौसम बढ रहा है और आगे आगे धुंध के कारण अक्सर हाईवे पर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है जिस समस्या को दूर करनें के लिए ट्रैफिक क्यूआरटी तुरन्त मौका पर पहुंचकर तुरन्त कार्रवाई करेंगी और ट्रैफिक जाम को असुविधा को दूर करेंगी । ट्रैफिक इन्सपेक्टर सतबीर सिंह नें आमजन से अपील करते हुए कहा कि ट्रैफिक नियमों की पालना करके खुद को सुरक्षित रखें और ट्रैफिक सबंधी सुझाव हेतु 708-708-4433 व्टसअप नंबर पर सूचित करें ।

इस दीपावली को बनाईये कुछ खास, न हो दूर रहने का ऐहसास।।

अपने को भेजिए शुभकामना संदेश, समाज जागरण मे

## पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग की टीम ने क्रेशर जोन का औचक किया निरीक्षण

मैनपाल संवाददाता दैनिक समाज जागरण

पंचकूला ,7 नवम्बर : मामला क्रेशर जोन रायपुर रानी का है जहां पिछले काफी समय से लोगों की शिकायतें फोन पर मिल रही थी उसी को लेकर आज पॉल्यूशन विभाग की टीम ने क्रेशर जोन को औचक निरीक्षण किया और जिस में टीम ने सभी स्क्रीनिंग प्लांटको चैक किया गया । मिल रही शि-ाकायतों में पानी को नदी में गिरना पानी को रिसा-इकल ना करना और क्रेशर के चारों ओर तीन की बनी दीवारे ना लगाना अनेक शिकायतों को लेकर आज पॉल्यूशन विभाग की टीम ने रायपुर रानी मानक टबरा और आसपास के क्षेत्र में निर-ीक्षण किया और सभी स्क्रीनिंग प्लांट की वीडियोग्राफी की गई पॉल्यूशन विभाग के अधिका-



री ने बताया जिन भी स्क्रीनिंग प्लांट का पानी नदी में जा रहा है या वह पानी को रिसाइकल नहीं कर रहे हैं और जिनकी क्रेशर की चारों तरफ की दीवार या टीन की दीवार नहीं बनाई है उन सभी को चेतावनी दी की यदि दिवाली से पहले उन्होंने सभी नॉर्म्स को पूरा नहीं किया गया तो मजबूरन ही प्लांट को बंद किया जाएगा इसके बाद किसी की भी कोई भी सुनवाई नहीं की जाएगी जब इस बारे में रेंज अधिकारी सुधीर चौधरी से बात की उन्होंने कहा की स्क्रीनिंग संयंत्र को लेकर अनेक सी शिकायतें मिल रही थी हमने आज स्क्रीनिंग प्लांट को चेक कर लिया जिस भी प्लांट में किसी भी प्रकार की कमी पाई गई उसे प्लांट पर कार्रवाई की जाएगी।

# धारा 144 के आदेशो की उल्लंघना करनें क्लब बार के मालिक को किया गिरफ्तार, 6 हुक्के बरामद

मैनपाल ,संवाददाता
दैनिक समाज जागरण

पंचकूला ,नवम्बर : पुलिस प्रवक्ता नें जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस उपायुक्त पंचकूला सुमेर प्रताप सिंह के निदेर्शानुसार जिला में हुक्का चलानें वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है जिस कार्रवाई में पुलिस की टीम लगातार निगरानी करते हुए अवैध हुक्का चलानें हेतु धारा 144 के आदेशो की उल्लंघना करनें पर कल देर रात्रि मामला दर्ज करके सचांलक को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार किये गये आरोपी की पहचान सोनू उर्फ सोहन लाल पुत्र कर्मवीर सिंह वासी मनीमाजरा चण्डीगढ के रुप में हुई ।

जानकारी के मुताबिक कल 06.11.2023 की देर रात्रि को पुलिस की टीम नें गुप्त सूचना के आधार पर क्लब बार 71 रोममर्ज सेक्टर 9 पंचकूला में रेड की गई । रेड के दौरान पाया कि क्लब बार में ज्यादा आवाज में म्यूजिक चलाया हुआ था पुलिस की टीम नें मौका पर जाकर चेंकिग करते हुए 6 हुक्के बरामद किए गये । पुलिस नें मौका पर क्लब बार के मालिक को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ थाना सेक्टर 05 में ज्यादा आवाज म्यूजिक चलानें व अवैध हुक्का चलानें पर भा.द.स. की धारा 188/269/270 तथा पंजाब उपकरण (शोर पर नियंत्रण) अधिनियम, 1956 के तहत मामला दर्ज करके क्लब बारे के मालिक को गिरफ्तार किया गया ।

## चंडीगढ़ नगर निगम ने केंद्र सरकार द्वारा चलाए गए जल दिवाली अभियान की, कि शुरूवात




खुशविंदर धालीवाल चंडीगढ़ इस दिवाली केंद्र सरकार द्वारा पूरे देश भर में जल दिवाली अभियान चलाया जा रहा है , जिसके चलते आज चंडीगढ़ नगर निगम कि तरफ से भी इस कार्यक्रम कि शुरूवात कि गई। इस मौके पर महापौर अनूप गुप्ता और चंडीगढ़ नगर निगम कमिशनर अनंदिता मिश्रा ने शहर कि महिलाओं को इस कार्यक्रम में एक्सपोजर विजिट के मकसद से शहर के अलग - अलग वाटर वर्क प्लांट्स का दौरा करने के लिए रवाना किया। नगर निगम कमिशनर का कहना था कि , हमने इस कार्यक्रम में महिलाओं को इस लिए चुना है , क्यूंकि एक महिला ही है जो सबसे जयादा पानी कि अहमियत समझती है और दूसरों को भी इसके बारे में जागरूक कर सकती है, कि किस तरह से पानी का सही उपयोग किया जाए और किस तरह से इसे बचाया जाए। और केंद्र सरकार कि तरफ से भी यह इंस्ट्रक्शन जारी कि गई है , कि वाटर सप्लाई से लेकर वाटर ट्रीटमेंट कि प्रक्रिया तक कम से कम 50 % महिलाओं कि समूलियत कि जाए।

इसके साथ ही जब नगर निगम कमिशनर से शहर में हद से जयादा बढ़ाए गए वाटर टैरिफ के बारे में सवाल किया गया तो , कमिशनर ने इसका गोलमोल जवाब देते हुए कहा कि लोगो के पानी के बिल उनके उपयोग के हिसाब से ही आए है। जब कि अगर देखा जाए तो जिस घर का पानी का बिल 500 से 700 के करीब आता था ,उस घर का बिल आज कि तारिक में 3500 के करीब आ रहा है, जो कि काफी जयादा है।

# गौशाला सेक्टर-45 ने की ग्रीन दीवाली मनाने की पहल, मुफ्त में बांटे जा रहे गोबर के दीये

खुशविंदर धालीवाल चंडीगढ़ चंडीगढ़ के सेक्टर 45 की गोशाला की बहुत अच्छी पहल, इस बार ग्रीन दिवाली मनाने को लेकर गोबर से दीये बनाये जा रहे हैं सबसे बड़ी बात कोई भी व्यक्ति दीये मुफ्त में ले जा सकता है। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य लोगों को इतिहास से जोड़ने के साथ प्रदूषण मुक्त पर्यावरण तैयार करना भी है।

इस बार दीवाली को प्रदूषण मुक्त मनाने के उद्देश्य से गोशाला सेक्टर-45 की तरफ से रविवार को शुरूआत कर दी गई है । गोशाला संचालक गौरी शंकर सेवादल की तरफ से प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों और अन्य सामान को खत्म करने के उद्देश्य से गाय के गोबर के दीये और मां लक्ष्मी और गणपति की मूर्तियां बनाई हैं, जिनका डिस्टिब्यूशन शुरू कर दिया गया। गोशाला में आकर कोई भी व्यक्ति फ्री में दीये और मूर्तियों को ले जा सकता है। जानकारी देते हुए गौरी शंकर सेवादल के चेयरमैन सुमित शर्मा वाईस प्रेसिडेंट विनोद कुमार ने बताया कि हमारा उद्देश्य लोगों को पौराणिक इतिहास से जोड़ने के साथ प्रदूषण मुक्त पर्यावरण तैयार करना है। जिसके लिए बीते तीन सालों से गाय के गोबर के दीये बनाकर लोगों को फ्री में बांटे जाते हैं।

गौरीशंकर सेवादल के सचिव विनोद शर्मा ने बताया कि दीयों में हवन का सामान भी मिक्स किया गया है ताकि घर में जो भी नाकारात्मक ऊर्जा हो उसका अंत हो सके। इसके अलावा दीया जलने से जो भी धुआं पैदा होगा



वह प्रदूषण को खत्म करेगा। इसके अलावा जो मूर्तियां बनाई है वह भी जीरो वेस्टेज पर आधारित है। एक बाद पूजा करने के बाद यदि आप मूर्ति को घर में नहीं रखना चाहते तो उसे बाल्टी में डालकर गलाकर किसी गमले में खाद के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह खाद पौधों के जीवन के लिए बेहतर है। विनोद ने बताया कि गोशाला में गौमूत्र अर्क भी तैयार किया जाता है जो कि पेट को फिट रखने के काम आता है। उसे भी फ्री में लिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि हमारे पास एक हजार के करीब गाय है जिनके गोबर का बेहतर इस्तेमाल किया जा रहा है।

## महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव का हिसार पहुंचने पर हरीश वर्मा की टीम ने किया स्वागत

हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) : अनेक संस्थाओं से जुड़े समाज सेवी, गौमाता की सेवा में व सनातन धर्म के लिए प्रयासरत हरीश वर्मा की टीम ने महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज का हिसार पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव ने कहा कि सनातन धर्म के लिए व गौमाता की सेवा के देश के युवा लग जाएं तो एक भी बेसहारा गौमाता नजर नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि हमारे देश का युवा ऊजार्वान और प्रतिभावान है। इसलिए युवा श्क्ति को अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगानी चाहिए। स्वयं की उन्नति के साथ-साथ समाज, देश की उन्नति में भी अपना योगदान देना चाहिए। युवाओं में वो योग्यता होती है कि वे हर स्थिति-परिस्थिति को बदल सकते हैं। इसलिए उन्हें समाज में फैली हर प्र-कार की बुराइयों को दूर करने में भी अपना योगदान देना चाहिए।

इस मौके पर महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महा-राज जी ने संगठन की प्रशंसा करते हुए कहा कि संगठन देश में हिन्दू धर्म के प्रचार-प्रसार व उसकी रक्षा की दिशा में अपनी अहम भूमिका अदा कर रहा है। उन्होंने सचिव हर-ीश वर्मा को व उनकी टीम इसके लिए बधाई दी। महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज जी ने कहा कि सबसे प्राचीन धर्मों में हमारा हिन्दू धर्म है। इस धर्म का इतिहास हजारों साल पुराना है। पड़ौसी देश पाकिस्तान, नेपाल व चीन तक में सिन्धु घाटी सभ्यता एवं हिन्दू धर्म के कई चिन्ह एवं प्रमाण मौजूद हैं। हिन्दू धर्म सनातन धर्म है जिसका मजतलब होता है सदा बना रहने वाला। हमारे ॠषि-मुनियों ने हजारों वर्ष पहले इस प्रकार की गणनाएं कर दी थी जो आज के विज्ञान के लिए आश्चर्य का विषय है। उन्होंने ऐसी प्रणाली को विकसित कर लिया था जिससे वे गृहों की चाल, दशा व अन्य खगोलीय घटनाएं, भूत, वर्तमान, भविष्य तक को स्पष्ट एवं सटीक बता देते थे। दुनिया भर के अनेक बुद्धिजीवियों ने भारत की सभ्यता, संस्कृति, धर्म का वैज्ञानिक आधार मानते हुए इसको स्वीकार किया है। हिन्दू धर्म की महानता के प्रचार-प्रसार में हरीश वर्मा व उन की टीम के माध्यम से जो कार्य कर रहे हैं वह सराहनीय है।

इस मौके पर हरीश वर्मा की टीम के सदस्यों ने महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज जी को आश्वस्त किया कि करते हुए कहा कि व देश के महान सन्तों के सानिध्य में रह कर सनातन धर्म का अत्यधिक प्रचार-प्रसार करते रहेंगे। इस मौके पर टीम के मैंबर कपिल बिश्नोई, रविश कुमार, राजेश नेहरा, कुलदीप पहल, रणवीर, मोनू, साहिल दीप, मुकेश, दिनेश कासवां, दीपक लोहान सहित विश्व हिन्दू महासंघ भारत के कई सदस्य उपस्थित रहे।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काली रावण में युवा संसद का किया मंचन

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काली रावण में युवा संसद का मंचन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने जोर-दार ढग से स्पीकर ,डिप्टी स्पीकर ,प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री, नेता प्रतिपक्ष व गृहमंत्री आदि मंत्रियों भूमिका में जिम्मेदार लोकतंत्र का दृश्य प्रस्तुत किया ।जिला स्तरीय यह प्रोग्राम प्रिंसिपल आशा वर्मा के नेतृत्व में बहुत सफल रहा। बहुत सुंदर तरीके से बच्चों ने इस-ाका मंचन किया और इसकी पूरी स्क्रिप्ट और विद्यार्थियों को तैयार करने में यशपाल मोर प्रवक्ता इतिहास ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। डाईट मात्रश्याम से डॉक्टर अजय लोहान, धूपेन्द्र बेरवाल, डॉक्टर सत्येंद्र ने कार्यक्रम का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों की प्रस्तुति को



देखा। उन्होंने दिल खोलकर विद्यार्थियों की भूमिका की प्रशंसा की और कहा कि बहुत ही अच्छे तरीके से बच्चों ने अपने-अपने रोल को निभाया है । प्रधान मंत्री का रोल रविना महिला एवं बाल विकास मंत्री कु० जसमीत व स्पीकर सत्यम रहे । इस अवसर पर रवि सिवाच सरपंच काली रावण, मुकेश ढाका सरपंच जगान, भूप सिंह नंबरदार, बलवान सिंह सरपंच खासा महाजन, सब इंस्पेक्टर रमेश झ-ाझरिया, मुंशी राम, जयसिंह, अनिल नापा, अनिल शास्त्री ,कविता रानी, नवीन, रमेश कुमार, रंजीता, रणबीर ,मनोज व सचिन आदि स्टाफ सदस्य मौजूद

